# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पद के लिये पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आज लखनऊ में किया नामांकन : कल केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल प्रदेश अध्यक्ष के नाम की करेंगे घोषणा।
2. अयोध्या में 31 दिसंबर को होगा प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह होंगे कार्यक्रम में शामिल।
3. वाराणसी में धूमधाम से मनाई जा रही है श्री काशी विश्वनाथ धाम के नवीकरण की चौथी वर्षगांठ : काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के तहत हुआ 'समृद्ध नारी–समृद्ध भारत' शैक्षणिक सत्र का आयोजन।

और

4. लखनऊ में 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स अंडर–17 एथलेटिक्स चौंपियनशिप–2025 का आज से शुभारंभ : पांच दिवसीय़ प्रतियोगिता में शामिल होंगी देश भर से आईं 41 टीमें।

---

भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पद के लिये भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आज पार्टी के लखनऊ दफ्तर में अपना नामांकन दाखिल कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक उनके प्रस्तावकबने। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व केन्द्रीय चुनाव पर्यवेक्षक विनोद तावड़े और प्रदेश संगठन के चुनाव अधिकारी डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडे ने श्री चौधरी का नामांकन स्वीकार किया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पद के लिये उत्साह पूर्वक चुनाव संपन्न हुआ है और पद के लिये केवल एक नामांकन हुआ है। बाइट...

*भारतीय जनता पार्टी जो चुनाव की अपना प्रक्रिया है, बूथ का चुनाव, मंडल का चुनाव, जिला का चुनाव फिर प्रदेश का चुनाव। आज प्रदेश का चुनाव संपन्न हुआ है और उत्साहजनक संपन्न हुआ है और लोग उत्साहित भी हैं और एक नामांकन हुआ है माननीय पंकज चौधरी जी का और घोषणा कल करेंगे।*

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हीरो वाजपेयी ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल कल प्रदेश अध्यक्ष के औपचारिक नाम को घोषणा करेंगे। बाइट....

*आज नामांकन का दिन था, श्रीमान पंकज चौधरी जी ने नामांकन किया है। नामांकन के वापसी का समय था, उसके बाद नामांकन की जांच का समय और कल विधिवत रूप से चुनाव अधिकारी पीयूष गोयल जी आएंगे, उनके सामने नाम की घोषणा की जाएगी।*

————————

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गणना चरण की अंतिम तिथि 26 दिसम्बर 2025 तक बढ़ा दी गई है। प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान के दौरान कोई भी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से छूट न पाए, इसके लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह निदेशित किया गया है कि सभी बूथ लेवल अधिकारियों के पास पर्याप्त संख्या में फॉर्म 6 तथा घोषणा–पत्र के प्रति की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऐसे मतदाता जो अपने पूर्व पते से स्थानांतरित होने के कारण अपना गणना प्रपत्र नहीं भर सके हैं, उन्हें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु फॉर्म–6 भरना होगा। वाराणसी के जिला निर्वाचन अधिकारी सतेन्द्र कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा समय बढ़ाये जाने से पुनः गहन जांच का अवसर मिल गया है। बाइट....

*वर्तमान में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें अभी इन्यूमरेशन का फेज चल रहा है। इन्यूमरेशन के फेज में वोटर लिस्ट में जितने भी लोग हैं, मतदाता हैं उन सब के गणना प्रपत्र बीएलओ के द्वारा उनके घरों तक पहुंचाए गए हैं और उनके द्वारा वह फॉर्म भरकर वापस किया गया है। जितने भी बीएलओ हैं, उनके द्वारा सभी घरों का सत्यापन पूर्ण कर लिया गया है।*

——————————

अयोध्या में श्रीराम मंदिर परिसर में प्रभु रामलला के विराजमान होने की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर प्रतिष्ठा

द्वादशी का आयोजन 31 दिसम्बर को किया जायेगा। आज हुई श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि इस अवसर पर 27 से 31 दिसम्बर तक पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहेंगे।

वहीं श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि राम जन्मभूमि परिसर में बाउंड्री वॉल के निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है। इस बाउंड्री वॉल में कुल 25 वॉच टावर बनाए जाएंगे। बाइट....

*हमारे जनरल सेक्रेटरी साहब श्री चंपत राय जी विशेष रूप से कल बैठक में उपस्थित थे और उनके समक्ष पूरा प्रस्ताव बताया गया। उन्होंने भी देखा, उन्होंने अपनी सहमति दे दी है। अब बहुत ही गति से बाउंड्री वाल का कार्य किया जाए।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकत हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ  पर भी सुन सकते हैं।

———————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से आज लखनऊ में भारतीय पुलिस सेवा के उत्तर प्रदेश कैडर के 23 प्रशिक्षु अधिकारियों तथा पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय के पांच अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि पुलिस सेवा केवल कानून–व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का एक व्यापक दायित्व है।

——————————

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज अयोध्या पहुंच कर सपरिवार श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन पूजन किया। उन्होंने श्री रामलला मंदिर के अलावा हनुमानगढ़ी, दशरथ महल औऱ कनक भवन में भी हाज़िरी लगाई। बाइट.....

*अयोध्या की पावन धरती पर मुझे सपरिवार आने का मौका मिला। इसके लिए मैं भगवान श्रीराम का अत्यंत आभारी और कृतज्ञ हूं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में रामलला विराजमान के दर्शन मैंने मेरी पत्नी और मेरे माता–पिता ने भी किए और यह सौभाग्य भी हमें प्राप्त हुआ। भगवान की असीम अनुकंपा है। जय भारत जय हिंद।*

——————————

श्री काशी विश्वनाथ धाम के नवीकरण की आज चौथी वर्षगांठ है। इस अवसर पर वैदिक विधि से मंत्रोच्चार के साथ भगवान विश्वनाथ की आराधना संपन्न हुई। फूलों से सजे दरबार में विविध धार्मिक अनुष्ठान के बीच लोग श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन पूजन के लिए सुबह से ही पहुंच

रहे हैं। वर्षगांठ पर परम्परानुसार उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग और शिव बारात समिति के संयुक्त तत्वावधान में शिव बारात की तर्ज पर नारी शक्ति को समर्पित भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

————————

**काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के अंतर्गत वाराणसी में विविध सांस्कृतिक और शैक्षणिक आयोजन किए जा रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट....**

*काशी तमिल संगमम् में तमिलनाडु से आया छठवां महिलाओं का दल आज हनुमानघाट पहुंचा। जहां सभी ने गंगा में स्नान कर मां का पूजा पाठ करते हुए सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। गंगा स्नान के बाद समूह ने घाट पर स्थित प्राचीन मंदिरों में दर्शन–पूजन किया। सभी लोगों को मंदिरों के इतिहास दिव्यता, भव्यता और इतिहास के बारे में जानकारी दी गई। इसके उपरांत तमिल डेलीगेट हनुमान घाट स्थित सुब्रमण्यम भारती के घर गए। वहां उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। इसके बाद काशी हिंदू विश्वविद्यालय में ''समृद्ध नारी–समृद्ध भार'' शैक्षणिक सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र में भारत के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास में महिलाओं की केंद्रीय भूमिका पर गहन विमर्श किया गया। इस अवसर पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय, आईआईटी (बीएचयू) तथा काशी तमिल संगमम की यात्रा पर आधारित एक संक्षिप्त वृत्त चित्र का प्रदर्शन किया गया, जिसने प्रतिभागियों को इस पहल की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से परिचित कराया। यह शैक्षणिक सत्र काशी तमिल संगमम 4.0 के मूल संदेश की पुनः पुष्टि करता है कि भारत का उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य महिलाओं के सशक्तिकरण, सम्मान और नेतृत्व से अविभाज्य रूप से जुड़ा हुआ है। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

————————

**राष्ट्र आज संसद पर हुये आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। 13 दिसंबर 2001 को आज**

ही के दिन सुरक्षाकर्मियों ने संसद की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से संसद हमले में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

——————————

सिद्धार्थनगर जिले में आज जिलास्तरीय रबो उत्पादकता गोष्ठी एवं तिलहन मेला–2025 का आयोजन किया गया। गोष्ठी में स्थानीय सांसद जगदम्बिका पाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार कृषि क्षेत्र के विकास के लिये नवाचार और तकनीक पर बल दे रही है।

——————————

लखनऊ के गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स अंडर–17 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आज शुभारंभ हो गया। 13 से 17 दिसंबर तक चलने वाली इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में देश भर से 41 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें एक हजार 594 एथलीट और 221 कोच व मैनेजर शामिल हैं।

इस चौंपियनशिप में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अलावा सीबीएसई, आईसीएसई, नवोदय विद्यालय समिति, केंद्रीय विद्यालय संगठन, विद्या भारती, डीएवी और गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज की टीमें भी भाग ले रही हैं। अरुणाचल प्रदेश से तमिलनाडु और कश्मीर से केरल तक के खिलाड़ी इस राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

——————————